# समाचार वाणी
**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | **Wednesday, 19 August 2026**


## जनगणना 2027 का ऐलान : केद्रं सरकार ने जारी की अधिसूचना, 1 मार्च तक पूरी होगी प्रक्रिया।


Publisher

Published on 16 Jun 2025





# इस बार डिजिटल जनगणना के साथ होगी जातिगत गणना, दो चरणों मे संपन्न होगी प्रक्रिया ; पहाड़ी राज्यों मे पंहले पूरी होगी जनगणना।

**नई दिल्ली :** देश की अगली **जनगणना 2027** को लेकर **केद्रं सरकार** ने **आधिकारिक अधिसूचना** जारी कर दी है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी और इसका **अंतिम चरण 1 मार्च 2027** तक पूरा कर लिया जाएगा। इस बार जनगणना के साथ **जातिगत आंकड़े** भी एकत्र किए जाएंगे।

**अधिसूचना जारी, शुरू होगा तैयारियों का दौर**
भारत सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, **लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे बर्फीले क्षेत्रों मे जनगणना पहले पूरी कर ली जाएगी** — जिसकी अंतिम तिथि **1 अक्टूबर 2026** तय की गई है।
वहीं देश के अन्य हिस्सों में अंतिम संदर्भ तिथि **1 मार्च 2027** होगी, यानी उसी दिन तक आंकड़ों का संग्रह पूरा हो जाएगा।

**दो चरणों मे होंगी जनगणना प्रक्रिया**
इस बार की जनगणना दो चरणों में की जाएगी:
**पहला चरण**: हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग डेटा संग्रह
**दूसरा चरण**: जनसंख्या आंकड़ों का संग्रह
इसके अलावा, इस बार जनगणना पूरी तरह से **डिजिटल प्लेटफॉर्म** पर आधारित होगी। **कर्मचारी मोबाइल एप्लिकेशन** और

**टैबलेट** के माध्यम से आंकड़े दर्ज करेंगे।

**ट्रेनिंग और फील्ड वर्क जल्द शुरू**

**जनगणना 2027** की घोषणा के साथ ही अब राज्यों और **जिलों मे स्टाफ की नियुक्ति, प्रशिक्षण** और **कार्यप्रणाली** की **रूपरेखा तैयार** करने का काम शुरू होगा। लाखों **सरकारी कर्मचारियों** को इस अभियान में लगाया जाएगा जो घर-घर जाकर आंकड़े इकट्ठा करेंगे।

**जनगणना क्यों होती है जरूरी ?**

**भारत मे हंर 10 साल मे एंक बार जनगणना कराई जाती है।**

इसका उद्देश्य होता है:

१. **देश की जनसंख्या का सटीक आकलन करना**

२. **सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थितियों की जानकारी जुटाना**

३. **नीतिगत योजनाएं बनाने मे मंदद करना**

४. **अनुसूचित जातियों/जनजातियों व पिछड़े वर्गों की स्थिति को समझना**

इस प्रक्रिया की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय के अधीन **Office of Registrar General and Census Commissioner** को दी जाती है।

**पहाड़ी क्षेत्रों मे क्यों जल्दी होगी जनगणना ?**

**जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड** और **हिमाचल प्रदेश** जैसे **हिमालयी क्षेत्रों** में मौसम की प्रतिकूलता को ध्यान में रखते हुए जनगणना पहले चरण में 1 अक्टूबर 2026 तक पूरी की जाएगी। इसके बाद देश के अन्य हिस्सों में कार्य चलेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.